>

Title: Need to check removal of N.T.P.C. Office from Patna.

श्री राम कृपाल यादव : माननीय अध्यक्ष महोदय, मुझे विश्वस्त सूत्रों से ज्ञात हुआ है कि एन.टी.पी.सी. के पूर्वी क्षेत्र के पटना-बिहार स्थित मुख्यालय को दो भागों में बांट कर अन्यत्र स्थापित करने का निर्णय लिया जा रहा है। विदित हो कि बिहार जैसे पिछड़े राज्य में, एन.टी.पी.सी. का मुख्यालय बनाने की मांग इसलिए की गई थी कि इस राज्य की प्रगति हो और इस स्थान से उड़ीसा, झारखंड और पश्चिमी बंगाल स्थित एन.टी.पी.सी. के विभिन्न पॉवर स्टेशनों का प्रशासनिक कार्य सुचारू रूप से संचालित हो सके। किसी भी प्रदेश में एन.टी.पी.सी. जैसे संस्थानों का मुख्यालय होना, उस राज्य के लिए गौरव की बात होती है। यू.पी.ए. सरकार ने बिहार जैसे पिछड़े राज्य को देश के मानचित्र पर लाने के लिए कई योजनाएं स्वीकृत की हैं-जैसे आई.आई.टी., विश्वविद्यालय, सी.बी.एस.सी. का क्षेत्रीय कार्यालय और भारतीय जीवन बीमा निगम का कार्यालय जैसे प्रतिÂिठत संस्थानों को पटना में खोलने का काम किया गया है।

महोदय, हमारे नेता, माननीय लालू प्रसाद यादव ने बिहार को औद्योगिक रूप से उन्नत करने एवं उसकी औद्योगिक दÂिट से प्रगति हेतु कई रेल उद्योगों को भी बिहार में स्थापित करने का काम किया है। ऐसी परिस्थिति में एन.टी.पी.सी. के पूर्वी क्षेत्र के मुख्यालय को पटना से हटाने का निर्णय सीधे-सीधे बिहार के विकास को अवरुद्ध करने वाला है और राज्य के मान-सम्मान को चोट पहुंचाने वाला है। इसे बिहार की जनता कभी बर्दाश्त नहीं करेगी। जब तक बिहार जैसा पिछड़ा राज्य विकसित नहीं होगा, तब तक देश के विकास की बात करना बेमानी होगा।

महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से निवेदन करूंगा कि पटना से एन.टी.पी.सी. के पूर्वी क्षेत्र मुख्यालय को वहां से स्थानांतरित करने की जो साजिश की जा रही है, उसे अविलम्ब रोका जाए और बिहार के साथ न्याय किया जाए। बहुत-बहुत धन्यवाद।

MR. SPEAKER: Rest of the matters will be taken up at the end of the day.

The House stands adjourned to meet again at 2.00 p.m.

13.06 hrs.

The Lok Sabha then adjourned for Lunch till

Fourteen of the Clock.

14.03 hrs.

The Lok Sabha re-assembled after Lunch at Three minutes

past Fourteen of the Clock.

(Mr. Deputy-Speaker *in the Chair*)

MR. DEPUTY-SPEAKER : Let us go to Item No. 28. The matters under Rule 377 may be laid on the Table of the House.

...(*Interruptions*)

उपाध्यक्ष महोदय : आप क्या कहना चाहते हैं?

SHRI N.S.V. CHITTHAN (DINDIGUL): Sir, this is a very important matter pertaining to Tamil Nadu. The State of Tamil Nadu is affected by heavy rains. ...(*Interruptions*) I want to raise the matter on the floor of the House. Please allow me. ...(*Interruptions*)

श्री थावरचन्द गेहलोत (शाजापुर): हमारा भी इम्पोर्टेंट मैटर है।...(व्यवधान)

MR. DEPUTY-SPEAKER : Okay. We will take the matters under Rule 377. Shri Chittan to raise his matter. [k14]

-